**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 20.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **राज्य सरकार ने क्रिसमस पर्व को देखते हुए अपने कर्मचारियों को दिसंबर माह का अग्रिम वेतन देने का किया फैसला, 23 दिसंबर से भुगतान करने का आदेश।**
2. **हिजाब विवाद से चर्चा में आयी बिहार की आयुष डॉक्टर नूसरत परवीण को नौकरी का ऑफर देने पर भाजपा ने झारखंड सरकार पर कसा तंज, कहा– तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है सरकार।**
3. **हजारीबाग जमीन घोटाले के मुख्य आरोपी कारोबारी विनय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, शीर्ष अदालत ने दी अंतरिम जमानत।**
4. **राज्य में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण जनजीवन अस्त–व्यस्त, हवाई और रेल सेवा प्रभावित, सड़कों पर थमी वाहनों की रफ्तार।**
5. **31वीं राष्ट्रीय जूनियर थांग–ता चौंपियनशिप के लिए झारखंड की 16 सदस्यीय टीम गुवाहाटी रवाना, 22 से 24 दिसंबर तक होंगी प्रतियोगिताएं।**

***********************

राज्य सरकार ने क्रिसमस के अवसर पर सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा देते हुए 23 दिसंबर से अग्रिम वेतन देने का आदेश जारी किया है। वित्त विभाग के अनुसार, इस निर्णय का लाभ राज्य सरकार, राज्यपाल सचिवालय, उच्च न्यायालय और विधानसभा सचिवालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिलेगा।

***********************

हिजाब विवाद से चर्चा में आयी बिहार की आयुष डॉक्टर नूसरत परवीण को झारखंड सरकार ने नौकरी का ऑफर दिया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा है कि बिहार में उन्हें 35 हजार रुपये मिलेंगे लेकिन अगर वह झारखंड में ज्याइन करेंगी तो उन्हें तीन लाख रुपये वेतन, सरकारी फ्लैट, मनचाही पोस्टिंग और पूरी सुरक्षा प्रदान की जायेगी। स्वास्थ्य मंत्री की इस घोषणा पर भाजपा ने तंज कसा है। पार्टी प्रवक्ता अजय साह ने कहा है कि सरकार के पास राज्य के छात्रों को छात्रवृति देने के लिए पैसे नहीं हैं लेकिन तुष्टिकरण की राजनीति के लिए स्वास्थ्य मंत्री अनाप–शनाप घोषणाएं कर रहे हैं।

***********************

साहिबगंज के ग्रामीणों ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर शविकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण करने का स्वागत किया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब मजदूरों को 100 के बजाय 125 दिन का रोजगार मिलेगा। इससे पलायन में कमी आएगी और आदिम जनजातियों को खेती के लिए भी पर्याप्त समय मिल सकेगा।

***********************

हजारीबाग जमीन घोटाले के मुख्य आरोपी कारोबारी विनय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने उन्हें अंतरिम जमानत दे दी है। यह मामला आईएएस अधिकारी विनय चौबे के कार्यकाल के दौरान वन भूमि की अवैध खरीद–बिक्री और म्यूटेशन से जुड़ा है।

***********************

झारखंड गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने कारा सेवा के 14 पदाधिकारियों की अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी है। विभाग ने सभी आपत्तियों की समीक्षा और जांच के बाद यह अधिसूचना जारी की। इससे पहले अधिकारियों को आपत्ति दर्ज कराने का अवसर दिया गया था।

***********************

गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में देवघर को जीवंत शहर और सांस्कृतिक विरासत शहर घोषित करने का विधेयक पेश किया है। लोकसभा अध्यक्ष ने इसे चर्चा के लिए सूचीबद्ध कर लिया है। इसका उद्देश्य बाबा बैद्यनाथ धाम और देवघर की पौराणिक व सांस्कृतिक धरोहरों को कानूनी संरक्षण प्रदान करना है।

***********************

चतरा में राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा बाघों समेत अन्य जंगली जानवरों की गणना शुरू कर दी गई है। खास बात यह है कि पहली बार हाथियों और गिद्धों की भी गिनती की जा रही है। तीन चरणों में चलने वाली यह गणना अप्रैल 2026 तक पूरी होगी, जिसके आंकड़े एम स्ट्रिप ऐप पर अपलोड किए जाएंगे।

***********************

राज्य सरकार द्वारा जमशेदपुर स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल को रिम्स की तर्ज पर विकसित करने की तैयारी तेज कर दी गई है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं

***********************

रांची सर्राफा बाजार में आज 22 कैरट सोने का भाव एक लाख 24 हजार आठ सौ रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी दो लाख 24 हजार रूपये प्रतिकिलो है।

************************

राज्य में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण जनजीवन अस्त–व्यस्त है। कम विजिबिलिटी की वजह से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई है। इसके साथ ही हवाई और रेल सेवा पर भी इसका व्यापक असर पड़ा है। रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे से कई विमानों ने विलंब से उड़ान भरा। दिल्ली, पटना और उत्तर प्रदेश से रांची आने वाली ट्रेनें भी विलंब से चल रही हैं। मौसम केंद्र ने पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा और खूंटी जैसे कुछ जिलों को छोड़कर राज्य के 19 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 22 दिसंबर तक घना कोहरा और धुंध छाये रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

खूंटी में सुबह घना कोहरा छाने से विजिबिलिटी काफी कम हो गई, जिससे यातायात प्रभावित हुआ है। सड़कों पर वाहन चालकों को कम रफ्तार और हॉर्न के अधिक प्रयोग का सहारा लेना पड़ रहा है।

उधर, लोहरदगा और गुमला जिले में भी कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से जनजीवन अस्त–व्यस्त है। कोहरे की चादर और शीतलहर के बीच स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। ठंड के प्रकोप को देखते हुए अभिभावकों ने जिला प्रशासन से स्कूलों में छुट्टी की मांग की है।

************************

इस बीच नागर विमानन मंत्रालय ने कोहरे और कम दृश्यता की स्थिति को देखते हुए सभी विमानन कंपनियों को यात्री सुविधा संबंधी मानदंडों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि विमानन कंपनियों को समय पर और सटीक उड़ान जानकारी सुनिश्चित करने, लंबी देरी के दौरान भोजन और जलपान की व्यवस्था कराने और उड़ान रद्द होने की स्थिति में दुबारा बुकिंग या धनवापसी की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्रालय ने यह भी निर्देश दिया है कि समय पर चेक–इन के बाद किसी को भी बोर्डिंग से वंचित न किया जाए और दिव्यांगजनों के लिए विशेष सहायता प्रदान की जाए।

************************

31वीं राष्ट्रीय जूनियर थांग–ता चैंपियनशिप के लिए झारखंड की 16 सदस्यीय टीम गुवाहाटी रवाना हो गई। टीम में रांची, पलामू और धनबाद के खिलाड़ी शामिल हैं, जिनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर हुआ है। चैंपियनशिप 22 से 24 दिसंबर तक गुवाहाटी के सरुसजाई इंडोर स्टेडियम में होगी।

*******समाप्त****************